एक नजर में

बोहरा समाज ने अदा की ईद की नमाज

सारंगपुर 26 मई, सं. दाऊदी बोहरा मस्जिद में मंगलवार को ईद-उल-अजहा का पर्व श्रद्धा मनाया गया. शेख आमिल हुजैफा भाई ने सुबह 6 .50 बजे ईद की विशेष नमाज अदा करवाई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए. नमाज के दौरान देश-दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने ब्याज, तंबाकू, सिगरेट और शराब जैसी बुराइयों से दूर रहने की शपथ ली. इसके अतिरिक्त, समाज के जरूरतमंद और गरीब लोगों की मदद करने, आपसी प्रेम बनाए रखने और विवादों से दूर रहने का संकल्प भी लिया गया. कार्यक्रम में शेख अताहुसैन, मुल्ला मोइज भाई, मुल्ला अब्बास भाई, शब्बीर भाई पेटी, कुर्बान हुसैन, मुजफ्फर भाई, नूर हसन भाई, सेक्रेटरी मुस्तफा अली, जाकिर सैफी, तय्यब अली, अली असगर मनिहारी वाला, इकबाल सैफी, ताहा सैफी, अली असगर सैफी पेटी वाला, उबाई सैफी और हुजैफा सैफी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

ईद-उल-अजहा की नमाज का समय जारी

राजगढ़ 26 मई, का. कल गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) पर्व को लेकर जिला अंजुमन इस्लाम कमेटी द्वारा जिलेभर की ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज के समय जारी कर दिए गए हैं. जिला सदर हाजी हनीफ खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की शहरी एवं ग्रामीण अंजुमन इस्लाम कमेटियों तथा काजी साहेबान से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न स्थानों पर नमाज निर्धारित समय पर अदा की जाएगी. राजगढ़ ईदगाह में सुबह 7 बजे नमाज होगी, जबकि बास वाली मस्जिद में सुबह 7 .15 बजे एवं बाबा बदख्शानी दरगाह शरीफ मस्जिद में सुबह 7 .30 बजे नमाज अदा की जाएगी. ब्यावरा ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज होगी. नरसिंहगढ़ ईदगाह में सुबह 7 .15 बजे तथा मरकज मस्जिद में सुबह 7 .40 बजे नमाज अदा की जाएगी. खिलचीपुर में बड़े मेले वाली ईदगाह पर सुबह 7 .45 बजे तथा मक्का मस्जिद ईदगाह नाहरदा रोड पर सुबह 8 बजे नमाज होगी. सारंगपुर ईदगाह में सुबह 7 .45 बजे और जीरापुर ईदगाह में सुबह 7 .30 बजे नमाज अदा की जाएगी. इसके अलावा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी अलग-अलग समय पर ईद की नमाज आयोजित होगी.

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27

प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026

वेद वर्णित मां निर्विन्ध्या को चुनरी अर्पित की, 50 गांवों में दीप जलाए

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 26 मई, का. जल है तो कल है के संदेश के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशमी के पावन अवसर पर राजगढ़ में मां नेवज के तट पर श्रद्धा, आस्था एवं जनभागीदारी से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नेवज मैया पूजन, चुनरी अर्पण, महाआरती, श्रमदान एवं सांस्कृतिक गतिविधियां कर जल संरक्षण का संदेश दिया. इस मौके पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक अमर सिंह यादव, भाजपा जिलाअध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, एडिशनल एसपी केएल बंजारे आदि मौजूद रहे.

50 ग्रामों में जल उत्सव एवं जल दिवाली कार्यक्रम आयोजित

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिले के करीब 50 ग्रामों में जलसंरक्षण कार्यक्रम आयोजित कर दीप जलाए गए. इनमें ब्राह्मणगांव, कचनारिया, धामन्या, शिवपुरा, पीपलबे आश्रम, करेड़ी, रामपुरिया, गोरखपुरा, रोश्या, देदला, हबीपुरा, जेपाला, भैंसवामाता, लाख्या, कालीखेड़ा, बरखेड़ा, नाना गांव, शिवनाथपुरा, तलावली, कुंडीबे, पीपलबे पुरोहित, पीथापुरा, कीलखेड़ा, मुर्झाहेड़ी, सरेड़ी आदि शामिल है.

गंगा दशहरे पर दीपों से जगमगाया जमात मंदिर का प्राचीन घाट

नरसिंहगढ़ 26 मई, सं. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरे के अवसर पर जल मंदिर तालाब स्थित जमात मंदिर घाट पर गंगा आरती, दीप यज्ञ एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह परमार, एसडीएम सुशील कुमार, सीएमओ अभिषेक जैन, जनपद सीईओ शालिनी काँचकार, नायब तहसीलदार आनरिक कनोदिया, महंत दीपेंद्र दास गुरुकुलम एवं आचार्य डॉ. जगदीश शास्त्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. ग्राम पंचायत गादिया स्थित 500 वर्ष पुरानी गुरु महाराज बावड़ी में स्वयं श्रमदान एवं साफ-सफाई कार्य में भाग लिया.

गंगा माता की महाआरती और दीपदान किया

जीरापुर 26 मई, सं. गंगा दशहरा के पावन अवसर पर विधायक हजारीलाल दांगी सहित नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह की उपस्थिति में गंगा आरती करके दीप दान किये. इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, पार्षद हेमन्त जोशी, शिवचरण मंडलोई, कमल झावा कुशल कुशवाह जनप्रतिनिधि, परिषद सदस्यों द्वारा छापी बांध घाट पर गंगा माता की महा आरती कर दीपदान किया गया. उसके पश्चात बैद्यनाथ म्यूजिकल ग्रुप आगर के भजन गायक विजय बागड़ी, काजल बागड़ी ग्रुप द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, ब्रजेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे.

ब्यावरा में गंगा मंदिर पर भव्य आयोजन

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा स्थित गुलाब शाह जी की अति प्राचीन बावड़ी एवं गंगा मंदिर के समीप अजनार नदी तट पर श्रमदान कर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया. इस अवसर पर उन्होंने बावड़ी के निकट निर्मित पेयजल टंकी के पास लगभग 28 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सम्पबेल एवं पम्प हाउस निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया. मंदिर के संस्थापक एवं गंगा पर शोध करने वाले डॉ मुकेश मारू ने सभी का आभार व्यक्त किया. इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह आदि मौजूद रहे.

फांसी पर झूलती मिली 19 साल की विवाहिता

भण्डारे के दौरान पारिवारिक विवाद के बाद फंदे पर मिला शव, मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 26 मई, का. जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मगनियाखेड़ी में 19 वर्षीय नवविवाहता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. घटना के बाद मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया. पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने तथा निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जा सका.

पुलिस के अनुसार ग्राम मगनियाखेड़ी निवासी चंद्रकलां पति राकेश तंवर (19) का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला. सूचना मिलने पर कालीपीठ पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया गया.

मायके पक्ष का आरोपी, बेटी की हत्या कर फांसी पर लटकाया

मृतका के मायके पक्ष ने घटना को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया है. मृतका के भाइयों का कहना है कि पहले विवाद होने की सूचना दी गई थी और कुछ देर बाद मौत की खबर मिली. उनका आरोप है कि चंद्रकलां की हत्या कर शव को फंदे पर टांगा गया. घटना के बाद जिला अस्पताल में परिजनों ने काफी देर तक विरोध प्रदर्शन किया. परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पोस्टमॉर्टम कराने से भी अड़ गए. बाद में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई पूरी कराई गई. मौके पर नायब तहसीलदार मनोहर कुम्हारे, एएसआई अशोक यादव, प्रधान आरक्षक गोपाल सैनी सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया गया.

भंडारे में जाने की बात पर हुआ था विवाद

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गांव में भंडारे का आयोजन था, जहां जाने की बात को लेकर परिवार में विवाद हुआ था. बताया गया कि मृतका भंडारे में जाने की जिद कर रही थी, जबकि घर में ससुर की तबीयत खराब होने के कारण परिवार के लोगों ने उसे जाने से मना कर दिया था. इसी बात से नाराज होकर वह अपने कमरे में चली गई.

परिजनों के मुताबिक रात करीब 12 बजे पति राकेश कमरे पर पहुंचा, लेकिन अंदर से दरवाजा बंद था. काफी आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो मायके पक्ष को सूचना दी गई. इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और कवेलू हटाकर देखा तो चंद्रकलां फंदे पर लटकी हुई थी.

महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

ब्यावरा 26 मई, का. बदलीपुरा गांव में एक 35 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया. परिजनों द्वारा महिला को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया है. यहां बता दें, राजल बाई पत्नी नारायण सिंह ने मंगलवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया. तबियत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां महिला को भर्ती किया गया. हालाकि इलाज के बाद महिला की हालत में सुधार हो रहा है.

राजस्थान की दो बहनों के साथ होटल में दुष्कर्म

नहीं हुआ प्रकरण दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 26 मई, सं. नगर के हाईवे स्थित एक होटल में नाच गाना करने वाली छबड़ा निवासी दो बहनों के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. राजस्थान के बारां जिले के छबड़ा अंचल की दो सगी बहनों के साथ हाईवे स्थित एक होटल में दुष्कर्म किए जाने की शिकायत की गई है. घटना रविवार- सोमवार की दरमियानी रात की है. इसके बाद पीड़िताएं अपने परिजनों के साथ मंगलवार दोपहर को ब्यावरा पहुंची और थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई है. हालांकि पुलिस ने इस मामले में देर शाम तक केस दर्ज नहीं किया था. दरअसल राजस्थान के छबड़ा क्षेत्र की रहने वाली दो सगी बहनें शादी समेत अन्य समारोह में नाच- गाने का काम करती है. वह रविवार को कालीपीठ क्षेत्र के एक गांव में आई थी, जहां किला अमरगढ़ के बंटी और अर्जुन नामक युवकों ने उन्हें ब्यावरा के भोपाल बायपास स्थित रंजित होटल में रात रुकवाया.

युवतियों का आरोप है कि, दोनों आरोपियों ने होटल में रात में उनके साथ दुष्कर्म किया. इसके बाद पीड़ित युवतियों सोमवार को अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई. इसके बाद मंगलवार दोपहर को ब्यावरा शहर थाने पहुंचकर पूरी घटना से अवगत कराया. यहां से एसडीओपी प्रकाश शर्मा के निर्देश पर युवतियों को देहात थाने भेज दिया गया.

मामले में देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट का कहना है कि राजस्थान के छबड़ा क्षेत्र की नाचने वाली युवतियों ने आरोप लगाए हैं. हम मामले की तस्दीक कर रहे हैं, तस्दीक के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा वास्तविकता में घटना हुई भी है या नहीं. इसके बाद ही कुछ कह पाना सही रहेगा.

किशोरी लापता, मामला दर्ज

ब्यावरा 26 मई, का. देहात क्षेत्र से 17 साल की एक किशोरी लापता हो गई. पुलिस ने पीड़ित बच्ची की मां की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच में लिया है. देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि, किशोरी की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उनकी बेटी पानी भरने जाने की कहकर घर से गांव के मोटर पंप पर गई थी. लेकिन वह देरशाम तक वापस नहीं लौटी. परिजनों ने शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है. साथ ही आरोपी सहित बच्ची की तलाश शुरू कर दी है.

बैंक में असिस्टेंट मैनेजर से अभद्रता

ब्यावरा 26 मई, का. शहर के एक निजी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर को अश्लील इशारे और गालियां देने पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. असिस्टेंड मैनेजर ने सिटी पुलिस को बताया कि वह एक निजी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर है. सोमवार को दोपहर 1.35 बजे मैं कैश काउंटर पर बैठी थी. उसी समय खाता धारक राहुल यादव बैंक आया और मेरे स्टाफ को सुनाकर मुझ पर अश्लील टिप्पणी और इशारे करने लगा. जब मैने उससे कहा कि तुम यह क्या कह रहे हो तो राहुल ने मुझे गंदी-गंदी गालियां दी. उन्होंने बताया कि राहुल पहले भी उससे बात करने की कोशिश करता था. सिटी पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

गौवंश तस्करी पर ज्ञापन सौंपा

ब्यावरा 26 मई, का. विश्व हिंदू परिषद के गोरक्षा विभाग ने जिले में बढ़ती गोवंश हत्या और तस्करी की घटनाओं को अत्यंत गंभीर बताते हुए मंगलवार को ब्यावरा तहसीलदार आनंद जायसवाल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा. बकरीद के पूर्व विभाग ने मांग की कि अवैध गोवंश परिवहन, गोहत्या और तस्करी पर सख्त व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. विभाग ने ज्ञापन में कहा कि गोवंश भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जन-आरोग्य का महत्वपूर्ण आधार है. मध्य प्रदेश में कठोर गोवंश-रक्षा कानून होने के बावजूद पुलिस प्रशासन की लापरवाही, असंवेदनशीलता और कुछ मामलों में मिलीभगत के कारण अपराधी लगातार सक्रिय हैं.

शिवधाम कॉलोनी में शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 26 मई, का. ब्यावरा शहर स्थित शिवधाम कॉलोनी में मंगलवार को भव्य शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. कथा का वाचन आचार्य प्रमोद नागर द्वारा किया जा रहा है. सुबह से ही क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण देखने को मिला. शोभायात्रा का प्रारंभ प्रात: 8 बजे इंदिरा नगर राजगढ बायपास चैराहा स्थित मनकामेश्वर माता मंदिर से हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए. बैंड-बाजे और भक्ति संगीत की धुनों के साथ शोभायात्रा शिवधाम कॉलोनी स्थित कथा स्थल पर पहुंची. शोभायात्रा में बच्चों और बुजुर्गों ने भी

उत्साहपूर्वक भाग लिया. कथा का संगीतमय वाचन 26 मई से 1 जून तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक होगा. 1 जून को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन किया जाएगा.

खाटूश्यामजी की भव्य प्रतिमा स्थापित

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 26 मई, सं. नगर के गोविंद धाम कॉलोनी में नवनिर्मित बाबा खाटू श्याम मंदिर में सोमवार रात विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा श्याम की प्रतिमा स्थापित की गई. प्रतिमा स्थापना के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला. देर रात तक चले धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. प्रतिमा स्थापना से पूर्व बाबा को 56 भोग अर्पित किए गए. इसके बाद मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले गए. जैसे ही दर्शन शुरू हुए, मंदिर परिसर हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे के जयकारों से गूंज उठा. महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तिमय वातावरण बना रहा. मंगलवार सुबह से भी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी है. महिलाएं, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं. प्रतिमा विशेष रूप से जयपुर में तैयार करवाई गई थी. प्रतिमा को पहले राजस्थान के प्रसिद्ध खाटूधाम ले जाया गया, जहां श्याम कुंड में पवित्र स्नान कराया गया. इसके बाद नयन दर्शन और चंदन तिलक की धार्मिक रस्में पूर्ण कर प्रतिमा को खिलचीपुर लाया गया.

भक्तिभाव | नरसिंहगढ़ के झंवर परिवार की अनूठी पहल, उपहार में औषधि पौधे बांटे

कथा में प्रसाद के रूप में तुलसी के पौधे बांटे, हर घर में होगी पूजा

श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, पांचवें दिन सुनाई गईं भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 26 मई, सं. शहर के होटल भंडारी पैलेस में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला. कथा व्यास श्री आदित्य गोस्वामी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी एवं गोपियों के साथ उनके प्रेम प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया.

कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भजनों पर भक्तिमय वातावरण में झूम उठे. कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं.

मानसून से पहले तुलसी के पौधे बांटे

नगर के प्रतिष्ठित झंवर परिवार द्वारा किए जाने वाले आयोजन में कथ में शामिल होने वाले लोगों को तुलसी जी के पौधे रोपे गए है. कथा के दौरान तुलसी के पौधे रोपे गए है .इन पौधों को बारिश से पूर्व ही रोपा जाएगा.

कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की. आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि कथा का आयोजन 22 मई से 28 मई तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है. 29 मई को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा. कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं.

पूर्णाहुति के साथ भागवत कथा संपन्न

कुरावर 26 मई, सं. ग्राम सेमल खेड़ी माता मंदिर पर सात दिवसी भागवत कथा का आज समापन किया गया. भागवत वक्ता पंडित श्री जय नागर श्यामपुर वाले के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत पुराण महत्व सुनाया गया श्री कृष्णा और सुदामा का मित्रता का महत्व बड़े सुंदर भाव से प्रस्तुत किया. कथा सुनने के लिए अजी गुरु अपने शिष्यों के साथ कथा का श्रवण किया आसपास के क्षेत्र कुरावर लसूडिया रामनाथ सेमल खेड़ी गिला खेड़ी नाईहेडी आदि गांव के श्रद्धालुओं ने कथा का सेवन किया और महाप्रसादी ग्रहण की. आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं श्री बालाजी सुंदरकांड समिति सेमल खेड़ी की ओर से किया गया.